देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 56 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**किसानों की मजबूरी खत्म!



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 26 मई 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम — अधिकतम 40.0⁰ न्यूनतम 25.0⁰

30672.59

**2** पाक को 60 लाख डॉलर की खैरात

**7** बगैर दर्शक ही सही आईपीएल होना चाहिए

## संक्षिप्त समाचार

### सेना प्रमुख ने सच्चाई कह दी तो नेपाल तिलमिलाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
काठमांडू। लिपुलेख–धाराचूला सड़क निर्माण को लेकर भारत के खिलाफ आक्रामक तेवर अपनाए हुए नेपाल को अब भारतीय सेना प्रमुख के बयान से मिर्ची लग गई है। चीन की गोद में खेल रहे नेपाल ने भारतीय सेना प्रमुख द्वारा इशारों–इशारों में बयां की गई सच्चाई को देश के इतिहास का अपमान बताया। नेपाल के रक्षा मंत्री ईश्वर पोखरेल ने कहा कि भारतीय सेना प्रमुख ने राजनीतिक बयान दिया, जो उचित नहीं है। नेपाली सेना ऐसे मामलों पर नहीं बोलती।

### पिथौरागढ़ में मिला एक ओर कोरोना पाजिटिव

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में देर सांय कोरोना का एक मामला और सामने आया है। अब जिले में कोरोना पाजिटिवों की संख्या तीन हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक अर्जुन सिंह पुत्र दीवान सिह निवासी रोडीपाली जिला पिथौरागढ़ को जिले के राजकीय बालिका इंटर कालेज में संस्थागत क्वारंटाइन में रखा गया था। वही यह युवक मुम्बई से आया से पिथौरागढ़ पहुचा था। युवक को जिले के बेस अस्पताल में आइसोलेट किया गया है।

### 1 करोड़ के लिए दी योगी को उड़ाने की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** खनऊ। कामरान नाम के एक शख्स ने उत्तर प्रदेश पुलिस के सोशल मीडिया हेल्प डेस्क को फोन किया और सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उड़ाने की धमकी दे डाली। मामला अपराध का था तो मुंबई में रहने वाले इस शख्स को महाराष्ट्र एटीएस ने उठा लिया। 25 वर्षीय आरोपी कामरान अब उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ के कब्जे में और पूछताछ चल रही है। इसी पूछताछ में कामरान ने बताया कि उसे योगी आदित्यनाथ को धमकी देने के बदले एक करोड़ रुपये देने का वादा किया गया था।

# हमें देश की चिंता है: सुको

## सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार को फटकार

### सिर्फ 10 दिनों तक मिडिल सीट पर बैठ सकेंगे यात्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एयर इंडिया के विमानों में बीच वाली सीट की बुकिंग न रोकने की याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने आज केंद्र सरकार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आपको केवल एयर इंडिया की चिंता हैं पर हमें देश की चिंता है। बॉम्बे हाई कोर्ट के मिडिल सीट खाली छोड़ने के आदेश को एयर इंडिया और केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने एयर इंडिया को राहत देते हुए अगले 10 दिनों तक कोरोना महामारी के दौरान विमान की तीनों सीटों पर यात्रियों को बैठाने की मंजूरी दे दी है।



#### केंद्र, एयर इंडिया की अर्जेंट पिटिशन पर सुनवाई

इस अर्जेंट पिटिशन की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस एसए बोबडे ने एयर इंडिया को निर्देश दिया कि वह अगले 10 दिनों तक नॉन शेड्यूल विदेशी उड़ानों के लिए मिडिल सीट बुक कर सकती है। लेकिन 10 दिनों के बाद उसे बाम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश का पालन करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को लगाई फटकार लगाते हुए कहा, आपको केवल अपने एयर इंडिया की चिंता है, आपको अपने लोगों की की सेहत की चिंता होनी चाहिए। हमे लोंगों की चिंता है। चीफ जस्टिस ने कहा कि डीजीसीए के महानिदेशक और एयर इंडिया अगर जरूरी समझते हैं तो नियमों छूट ले सकते हैं।

हालांकि कोर्ट ने यह आदेश विदेश से आने वाली नॉन शेड्यूल्ड उड़ानों के लिए दिया है, जिसकी बुकिंग पहले ही हो गई थी।

हालांकि, 10 दिनों के बाद एयर अंडिया को बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश का पालन करन होगा, जिसमें कहा गया है कि यात्रा के दौरान यात्रियों के बीच शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए मिडिल सीट खाली छोड़नी होगी। इस दौरान चीफ जस्टिस एसए बोबडे ने एयर इंडिया को निर्देश दिया कि वह अगले 10 दिनों तक नॉन शेड्यूल विदेशी उड़ानों के लिए मिडिल सीट बुक कर सकती है।

सुको ने मामला मेरिट पर तय करने के लिए वापस हाईकोर्ट भेज दिया है। सुको ने सुनवाई में कहा कि संक्रमण रोकने के लिए शारीरिक दूरी की बात हो रही है, इसीलिए हाईकोर्ट ने मिडिल सीट खाली रखने को कहा था। सरकार ने दलील दी कि 16 जून तक सभी सीटें बुक हैं और ऐसे में इसे रद करने से लोगों को परेशानी होगी।

#### बॉम्बे हाई कोर्ट का है आदेश

बॉम्बे हाईकोर्ट ने एयर इंडिया को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बीच की सीटें खाली रखने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट ने एयर इंडिया को डीजीसीए के महानिदेशक को सोशल डिस्टेंसिंग सर्कुलर का पालन करने के लिए भी कहा था, जिसके लिए बीच की सीटों को इंटरनेशनल फ्लाइट्स के दौरान खाली रखने की जरूरत थी। हाई कोर्ट के जस्टिस आर डी धानुका और जस्टिस अभय आहूजा की एक पीठ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मामले की सुनवाई करते हुए यह भी कहा था कि नए सर्कुलर में यह नहीं लिखा है कि यह अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को कवर करता है।

# पहले ही दिन 82 उड़ानें हुई रद्द

## पूरे एहतियात के साथ घरेलू विमान सेवा की हुई शुरुआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई नई दिल्ली। दो माह के लंबे लॉकडाउन के बाद सोमवार से देश भर में घरेलू विमान सेवा की शुरुआत हो गई। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सोमवार को कुल 243 उड़ानों का संचालन किया जाना है जिसमें से 118 आने वाली हैं वहीं 125 यहां से जाने वाली उड़ानें हैं। इन उड़ानों में मुंबई और कोलकाता आदि की कुल 82 उड़ानें रद की गई हैं। बता दें कि एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने पहले ही सभी एयरपोर्ट के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोटोकॉल जारी कर दिया था ताकि कुछ सावधानियों और नियमों का सख्ती से पालन किया जा सके। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गाइडलाइन जारी किया गया और सलाह दी गई है कि नॉवेल कोरोना वायरस के लक्षण होने पर किसी भी यात्री को एयरपोर्ट में एंट्री न दी जाए। सुबह छह बजे ऐसे 50 लोग थे जिनकी फ्लाइट रद की गई थी। एयरपोर्ट पर शारीरिक दूरी के पूरे इंतजाम किए गए हैं।

हिंडन एयरपोर्ट से भी सोमवार शाम हवाई उड़ान शुरू होने जा रही है। शाम 4:45 बजे हिंडन से 17 यात्रियों को लेकर विमान हुबली के लिए उड़ान भरेगा। हिंडन सिविल टर्मिनल से हवाई यात्रा शुरू करने को लेकर सोमवार सुबह से तैयारी चल रही है।

#### एयरपोर्ट पर चहल–पहल

इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 से देश के विभिन्न जगहों के लिए अलग–अलग एयरलाइंस के लिए अलग– अलग प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। साथ ही यात्रियों के लिए फूड स्टॉल भी खुल चुके हैं। बहाल की गई विमान सेवा के तहत आज सुबह 4.45 बजे नई दिल्ली से महाराष्ट्र में पुणे के लिए पहली उड़ान रवाना हुई वहीं सुबह 7.45 बजे गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पहली फ्लाइट की लैंडिंग कराई गई।

### देश में संक्रमितों का आंकड़ा 1.38 लाख के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में सोमवार को लगातार चौथे दिन, एक दिन में कोविड–19 के सर्वाधिक मामले सामने आए। पिछले 24 घंटे में 6,977 नये मामले सामने के बाद देश में संक्रमण के कुल मामले 1,38,845 हो गए हैं जबकि मृतक संख्या 4,021 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक सोमवार सुबह आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में 154 लोगों की मौत हुई। मंत्रालय ने बताया कि देश में 77,103 लोग अब भी संक्रमित हैं जबकि 57,720 लोग स्वस्थ हुए हैं और एक मरीज विदेश चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "अब तक 41.57 प्रतिशत मरीज स्वस्थ हुए हैं।" संक्रमण के कुल मामलों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। मंत्रालय के डेटा के मुताबिक 70 प्रतिशत से अधिक मौतें अन्य गंभीर बीमारियों के चलते हुई हैं।

# दिल्ली से नहीं आ सकेंगे गाजियाबाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■प्रशासन ने सील किया बार्डर

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में बढ़ते कोरोना वायरस के मरीजों को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला किया है। एक बार फिर से दिल्ली–गाजियाबाद बॉर्डर सील कर दिया गया है। सिर्फ पास वालों को ही जिले में प्रवेश की अनुमति होगी। इस आदेश के बाद गाजियाबाद से दिल्ली काम करने जाने वालों के बीच हड़कंप मच गया है।

डीएम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सिर्फ पास वालों को ही बॉर्डर पार करने की अनुमति दी जीएगी। माल ढुलाई, बैंकिंग सेवाओं और आवश्यक वस्तुएं लाने–ले जाने वाले वाहनों को पास लेकर चलना जरूरी होगा। बॉर्डर पर तैनात पुलिस पूछताछ कर सकेगी। पुलिस पास चेक करेगी और जब आश्वास्त होगी तभी किसी को गाजियाबाद में प्रवेश दिया जाएगा। हालांकि डीएम ने कहा कि डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, पुलिस, बैंक कर्मियों को पास की जरूरत नहीं होगी। इन लोगों को अपना परिचय पत्र ही दिखाना काफी होगा। वहीं ऐंबुलेंस बिना किसी रोक–टोक के आ–जा सकेंगीं। भारत सरकार में काम करने वाले उप सचिव और उसके ऊपर के अधिकारियों को भी परिचय पत्र के आधार पर ही आने–जाने की अनुमति होगी।

# लद्दाख बॉर्डर पर भारत ने भी टेंट लगाए

### भारत बॉर्डर पर नहीं रोकेगा डेवलपमेंट का कोई काम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर तनाव कम होता नहीं दिख रहा। चीन और भारत के सैनिकों के बीच हालात वैसे ही बने हुए हैं। सेना ने बड़ी तेजी से सैनिकों और जरूरी मैटीरियल्स फॉरवर्ड पोजिशंस पर पहुंचाने शुरू कर दिए हैं। चीन ने पैंगोंग झील के पास टेंट लगाए तो भारत ने भी खूंटा गाड़ दिया है। सरकार ने साफ कर दिया है कि बॉर्डर पर जारी डेवलपमेंट का कोई काम इस तनाव की वजह से नहीं रोका जाएगा। संकेत यही हैं कि भारत लंबे स्टैंड–ऑफ के लिए तैयार है। डिप्लोमेटिक और ग्राउंड लेवल पर मिलिट्री में बातचीत हो रही है मगर इस तनाव का कोई हल नहीं निकलता दिख रहा।

गलवां घाटी में चीन आक्रामक इसलिए है क्योंकि उसके पास भारत के कई डिफेंस रिलेटेड प्रोजेक्ट्स हैं। धारचुक से श्योक होते हुए दौलत बेग ओल्डी के लिए रोड बनी है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in